मज़ाक मत करो!

बी. वाइसमैन

बॉबी सूअर हर चीज़ का मज़ाक उड़ाता था, और वो भी हमेशा गलत समय पर. फिर जब चाची और चाचा सूअर उसके घर रहने आये तो पापा सूअर ने उसे चेतावनी दी - देखो, अब मजाक मत करना! लेकिन मेहमान सूअर इतने असहनीय रूप से असभ्य थे! जब बेबी सूअर ने लैम्प पर एक सेब फेंका और सारी दीवारें रंगकर खराब कर दीं, तब भी चाची और चाचा सूअर बस हंसते ही रहे और हंसते रहे. मां और पापा सूअर को समझ में नहीं आया कि वे क्या करें - लेकिन बॉबी सूअर को पता था कि उसे क्या करना है!

छोटे बच्चे ज़रूर बॉबी की जय-जयकार करेंगे क्योंकि उसने एक कठिन स्थिति में जिम्मेदारी संभाली और अपने परिवार की दुविधा को हल करने के लिए सही समय पर अपने कौशल का उपयोग किया.

मज़ाक मत करो!

बी. वाइसमैन

पापा सूअर काम से घर आए. उन्होंने पूछा,

"आज रात के खाने में क्या है?"

बॉबी सूअर ने कहा, "खाना."

पापा सूअर ने कहा, “मैं थक कर घर आया हूँ,

देखो मजाक मत करो."

मामा सूअर ने कहा, "मैंने स्टू बनाया है."

बॉबी ने कहा, "एक और एक मिलकर 'टू' बनाते हैं."

पापा सूअर ने कहा, "देखो, मजाक मत करो!"

"आह!" पापा सूअर ने कहा. "यह अच्छा स्टू है."

"नहीं, पापा," बॉबी ने कहा. "यह ख़राब स्टू है."

"देखिये स्टू ने मेरी शर्ट गंदी कर दी!"

मामा सूअर ने कहा, "ध्यान से खाओ."

"वो मैं नहीं कर सकता," बॉबी ने कहा.

"मैं और ज़्यादा सावधानी से खाना नहीं खा सकता हूँ."

पापा सूअर चिल्लाए, "बॉबी! तुमने अपना स्टू गिरा दिया!

तुमने अपनी कमीज़ गंदी की है! देखो, मजाक मत करो!"

रात के खाने के बाद, पापा सूअर ने कहा,

"बॉबी - तुम हमेशा ग़लत समय पर मज़ाक करते हो.

सुनो, कल चाचा और चाची सूअर हमसे मिलने आ रहे हैं.

वे बहुत दूर से आ रहे हैं. मैं चाहता हूं

कि उनके साथ हमारी मुलाकात अच्छी हो.

इसलिए कृपा कल बिल्कुल मजाक मत करना!"

चाची और चाचा सूअर एक बड़ी कार में आए.

"नमस्ते नमस्ते!" चाचा सूअर चिल्लाये.

"क्या यह तुम्हारा घर है? यह तो बहुत छोटा है!
हमने तो उसे लगभग देखा तक नहीं!"

चाची और चाचा सूअर

बड़ी कार से बाहर निकले.

चाची सूअर, बेबी सूअर को पकड़े हुए थीं.

माँ सूअर ने बेबी सूअर की ठुड्डी पर गुदगुदी की.

फिर फ़ौरन बेबी सूअर ने अपनी जीभ बाहर निकाली.

घर में बेबी सूअर रोने लगा.

चाची सूअर ने कहा,

"वह तुम्हारी घड़ी के साथ खेलना चाहता है."

चाचा सूअर ने बेबी सूअर को घड़ी तक उठाया.

बेबी सूअर ने घड़ी तोड़ डाली. चाचा सूअर हँसे.

"हा! हा! क्या तुमने देखा? देखो वह कितना ताकतवर है!"

माँ सूअर ने पूछा, "क्या आप कुछ चाय लेंगे?"

चाचा सूअर चिल्लाए, "नहीं! मुझे कॉफ़ी चाहिए!"

मुझे तेज़, कड़क कॉफी पसंद है."

चाची सूअर ने कहा, "मुझे अदरक की ऐल चाहिए.

मुझे वो बहुत ठंडी पसंद है.

बेबी सूअर कोको चाहता है. उसे बहुत गर्म कोको पसंद है."

पापा सूअर ने पूछा,

"क्या कोई फल खाना चाहेगा? यहाँ सेब और संतरे हैं."

फ़िर् बेबी सूअर ने एक सेब ज़ोर से फेंका.

उससे एक लैम्प टूट गया. चाचा सूअर हँसे. "हा! हा!

क्या तुमने देखा कि वह कितनी दूर तक फेंक सकता है?"

बॉबी सूअर ने बेबी सूअर को

खेलने के लिए कुछ खिलौने दिए.

बेबी सूअर ने खिलौने तोड़ डाले.

चाचा सूअर हँसे. "हा! हा!

वह कोई भी खिलौना तोड़ सकता है! देखो वह कितना चतुर है?"

बॉबी सूअर ने बेबी सूअर को एक रंग भरने वाली किताब और क्रेयॉन दिए.

बेबी सूअर ने रंग भरने वाली किताब फाड़ डाली.

बेबी सूअर ने क्रेयॉन से दीवार पर चीता-पोती की.

चाचा सूअर हँसे. "हा! हा!

उसे दीवारों को रंगना पसंद है! देखो वो कितना प्यारा है?"

माँ सूअर कॉफ़ी, अदरक की ऐल और कोको लाईं.
चाचा सूअर चिल्लाये, "इस कॉफ़ी में कुछ दम नहीं है!
मेरे लिए और कड़क कॉफ़ी बनाओ!"

आंटी सूअर ने कहा,
"यह अदरक ऐल बहुत गर्म है.
उसमें एक और बर्फ का टुकड़ा डालो."

बेबी सूअर ने गलीचे पर कोको थूक दिया.
"यह कोको बहुत ठंडा है!" वह चिल्लाया.
"मुझे गर्म कोको चाहिए!"

पापा सूअर ने चाचा सूअर से पूछा,

"आप कब तक हमारे साथ रहेंगे?"

चाचा सूअर ने कहा, "हम काफी समय तक रहेंगे!

हमें यहां बहुत अच्छा लग रहा है."

फिर चाचा सूअर ने

पापा सूअर की पीठ को ज़ोर से ठोका.

उससे पापा सूअर का चश्मा गिर गया.

चाचा सूअर हँसे. "हा! हा!"

फिर पापा सूअर रसोई में गए.

पापा सूअर ने कहा,

"वे लंबे समय तक रहना चाहते हैं!

क्या मैं उन्हें जाने के लिए कहूँ?”

"ओह, नहीं," मामा सूअर ने कहा."

शिष्टाचार के हिसाब से वो ठीक नहीं होगा."

पापा सूअर ने पूछा, "फिर हमें क्या करना चाहिए?"

बॉबी सूअर ने कहा, "मुझे पता है कि हमें क्या करना चाहिए.

आप मुझे उनके लिए कॉफ़ी, कोको और अदरक ऐल ले जाने दो."

बॉबी ने कहा,

"यह रही आपकी कॉफी, चाचा सूअर.

हमने उसमें से कीड़ा बाहर निकालकर फेंक दिया है."

"कौन सा कीड़ा?" चाचा सूअर ने पूछा.

"एक बड़ा हरा कीड़ा," बॉबी ने कहा.

"वह जो आपकी कॉफी में गिर गया था."

बॉबी ने बेबी सूअर से कहा, "यह रहा तुम्हारा कोको.
वह बहुत गर्म है ऐसा चूहा चिल्लाया था!"
बेबी सूअर ने पूछा, "कौन सा चूहा?"
बॉबी ने कहा, "हमारे चूहों में से एक.
वह चूहा जिसने अपनी पूँछ तुम्हारे कोको में डाली थी."

"चाची सूअर," बॉबी ने कहा, "यह रही आपकी अदरक ऐल.
मैंने बर्फ के टुकड़े पोंछे.
क्योंकि वे फर्श पर गिर पड़े थे
तब लम्बे बालों वाली एक मकड़ी
आपके अदरक ऐल से बाहर निकली."

बॉबी एक झाड़ू और मक्खी मारने का स्वाटर लाया.

वो एक बेसबॉल बैट और हॉकी स्टिक लाया.

उसने एक बेसबॉल कैचर का मुखौटा पहना.

फिर उसने कहा, "चाची सूअर, चाचा सूअर

आप सामने वाले शयनकक्ष में सोएंगे.

और मैं चमगादड़ों को खदेड़ने की कोशिश करूंगा."

"मैं सांपों का पीछा नहीं करूंगा.

क्योंकि हमारे यहाँ साँप अच्छे हैं. वे काटते नहीं हैं.

वे बस बिस्तर पर लिपटकर आपके साथ सो जाएंगे."

फिर चाची सूअर ने बेबी सूअर को तुरंत उठाया.

चाची सूअर रोते हुए बोलीं, "मुझे अभी याद आया..."

"हमने दादाजी सूअर से मिलने का वादा किया था.
माफ़ करना, हम तुम्हारे घर में नहीं रह पाएंगे!"
फिर चाची सूअर, चाचा सूअर,
और बेबी सूअर बड़ी कार में बैठे
और तेजी से वहां से चले गए.

पापा सूअर ने कहा, "बॉबी, आज मौज-मस्ती करने का सही समय था!"
माँ सूअर ने पूछा, "बॉबी, तुम रात में क्या खाना चाहोगे?"

बॉबी सूअर ने कहा, "खाना."